

हाइट और जूते का साइज कर देगा हैरान

मुदस्सर गुज्जर नाम का ये खिलाड़ी पाकिस्तान क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मुदस्सर की लंबाई 7 फुट 6 इंच है और उसे 23.5 इंच के जूते आते हैं।

## पाकिस्तान के लिए खेल सकता है वर्ल्ड का सबसे लंबा क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड क्रिकेट को पाकिस्तान ने कई शानदार क्रिकेटर्स दिए हैं चाहे वो गेंदबाज हों या फिर बल्लेबाज। इमरान खान, वसीम अकरम, वकार यूनुस, इंजमाम उल हक, सईद अनवर, शोएब अख्तर जैसे कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स हुए जिन्होंने पाकिस्तान के लिए खेला और अपनी प्रतिभा के दम पर खूब नाम भी कमाया। अब पाकिस्तान का एक क्रिकेटर जिसकी लंबाई 7 फुट 6 इंच है वो सुर्खियों में है और नेशनल टीम में अपनी जगह बनाने को तत्पर है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है कि पाकिस्तान की तरफ से किसी इतने लंबे खिलाड़ी ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इससे पहले 7 फीट एक इंच लंबे तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साल 2010 में उन्होंने वनडे में डेब्यू किया था और उनकी हाइट को लेकर खूब चर्चा हुई थी। हालांकि इरफान टीम के अंदर–बाहर होते रहे, लेकिन उन्होंने अपनी हाइट और गेंदबाजी से कई बल्लेबाजों को डराया। अब मो. इरफान के बाद एक और बेहद लंबे खिलाड़ी का नाम सामने आ रहा है।

# गावसकर के छोटे कद को लेकर मजाक बनाने की कोशिश पड़ी महंगी

## जैक्सन ने की बोलती बंद तो यूजर बोला सॉरी

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन और ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट्स ऐंकर नेरोली मिडोज के साथ सुनील गावसकर खड़े थे। पीटरसन लंबे कद के हैं और गावसकर को उनके छोटे कद को लेकर एक यूजर ने मजाक बनाने की कोशिश की।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन और ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट्स ऐंकर नेरोली मिडोज के साथ सुनील गावसकर खड़े थे और प्ले कॉमेंट्री कर रहे थे। पीटरसन काफी लंबे कद के खिलाड़ी हैं और गावसकर उनके साथ खड़े होकर काफी छोटे नजर आ रहे थे। ऐसे में गावसकर के छोटे कद को लेकर एक यूजर ने मजाक बनाने की कोशिश की, जो उसे काफी महंगा पड़ गया। सुनील गावसकर पर इस तरह का कॉमेंट सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने वाले शेल्डन जैक्सन को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने उसे करारा



जवाब दिया। जैक्सन ने लिखा, हो सकता है गावसकर कद में छोटे हों लेकिन आप यह देखो कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। ऐसा लंबे कद के लोग भी हासिल नहीं कर सके जो गावसकर ने किया है। काफी नकारात्मकता है, थोड़ी सकरात्मकता फैलाने की कोशिश करें।

**महान क्रिकेटरों में शामिल हैं सुनील गावसकरः** सुनील गावसकर का कद 5 फीट 4 इंच है लेकिन उनके नाम कई क्रिकेट रेकॉर्ड हैं। वह टेस्ट



क्रिकेट में 10 हजार रन और 30 शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं। गावसकर ने टेस्ट क्रिकेट करियर में 34 शतक ठोके हैं और कुल 10122 रन बनाए। उनके नाम 108 वनडे मैचों में 3092 रन दर्ज हैं जिसमें 27 अर्धशतक शामिल हैं।

# एक से ज़्यादा ग़लती किंग्स इलेवन पंजाब को पड़ेगी भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात में खेला जा रहा इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां सीजन लगभग आधे रास्ते में पहुंचने वाला है। शुक्रवार 9 अक्टूबर की दोपहर तक आइपीएल 2020 में कुल 22 मुकाबले खेले जा चुके हैं। चार टीमों ने अपने 6–6 मुकाबले खेल लिए हैं, जबकि अन्य 4 टीम भी 5–5 मैच खेल चुकी हैं। इस बीच सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना किंग्स इलेवन पंजाब को करना पड़ा है।

केएल राहुल की कप्तानी वाली पंजाब की टीम ने आइपीएल के 13वें सीजन में सबसे ज्यादा मुकाबले हारे हैं। साल 2014 में जब आइपीएल के 5–5 मैच यूएई की सरजमीं पर खेले गए थे तो

### प्लेऑफ की रेस से टीम हो जाएगी बाहर

उस समय पंजाब की टीम ने अपने सभी मैच जीते थे। किंग्स इलेवन पंजाब की एकमात्र ऐसी टीम थी, जिसने 2014 में यूएई में अपने सभी मुकाबले जीते थे। वहीं, मुंबई इंडियंस ने अपने सभी 5 मैच गंवाए थे।


मौजूदा समय की बात करें तो मुंबई इंडियंस 6 मैचों में 4 मैच जीतकर आइपीएल 2020 की अंकतालिका में नंबर वन बनी हुई है। वहीं, किंग्स इलेवन पंजाब ने अपने 6 मैचों में से 5 मैच हारे है। पंजाब की टीम आइपीएल के 13वें सीजन की प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 8वें पायदान पर है। अभी तक तमाम मुश्किलों का सामना करने वाली किंग्स इलेवन पंजाब को आगे भी मुश्किलों की पहाड़ पर चढ़ाई करनी है। 6 में से 5 मैच गंवा चुकी किंग्स इलेवन पंजाब के आइपीएल 2020 के प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए यहां से गलतियां करने की गुंजाइश नहीं है। अगर पंजाब की टीम अपने अगले 8 बाकी बचे मैचों में से सात मैच जीत लेती है तो टीम आइपीएल 2020 के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। ऐसे में पंजाब को एक मैच में गलती करने की गुंजाइश है, लेकिन दो मैचों में टीम को हार मिलती है तो टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो सकती है।

गौरतलब है कि आइपीएल 2020 के सीजन से पहले किंग्स इलेवन पंजाब ने भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले को कोच नियुक्त किया था, जबकि केएल राहुल को टीम का कप्तान बनाया था।

## टूर्नामेंट के अंत में अपनी बल्लेबाजी से धूम मचाएंगे आंद्रे रसेलः गिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। कोलकाता नाइटराइडर्स के ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल को लगता है कि आंद्रे रसेल टूर्नामेंट के अंत में अपनी बल्लेबाजी से धूम मचाएंगे। उन्होंने यह बात समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए कही। रसेल को केकेआर के मैच विजेता खिलाड़ी के तौर पर देखा जाता। आइपीएल 2020 में ऑलराउंडर ने अभी तक पांच पारियों में 135.13 के स्ट्राइक–रेट से सिर्फ 50 रन बनाए हैं। गिल ने कहा कि रसेल ने उम्मीद के अनुसार अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपना बेस्ट अंत के लिए बचाकर रखा है। यह हमारे लिए अच्छा है क्योंकि टूर्नामेंट का मुख्य हिस्सा अभी बाकी है। गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 70 रनों की पारी खेली थी। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। इसे लेकर गिल ने कहा कि वह ऐसा करने में कामयाब होंगे, क्योंकि वह गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं। गिल ने पिछले कुछ समय में केकेआर के निरंतर प्रदर्शन किया है, ऐसे में उन्हें केकेआर का अभिन्न अंग के रूप में देखा जाता है।

## न्यूज डायरी



### बस्तर की आबोहवा ने पृथ्वीराज यारा को बनाया तूफानी गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जगदलपुर। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पृथ्वीराज यारा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, पर यह कम ही लोग जानते हैं कि उनकी सफलता में बस्तर की आबोहवा का भी बड़ा योगदान है। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पृथ्वीराज यारा को अपने साथ जोड़ा है, क्योंकि टीम के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हिप इंजरी की वजह से आइपीएल 2020 से बाहर हो गए हैं। बीच टूर्नामेंट में पृथ्वीराज यारा को हैदराबाद ने चुना है। बता दें कि पृथ्वीराज यारा के पिता श्रीनिवास एर्रा ने अपना पूरा जीवन बेटे को सफल क्रिकेटर बनाने में गुजार दिया। पृथ्वी की शिक्षा बस्तर के सीमांध्र इलाकों में हुई। उनके पिता बताते हैं कि बस्तर की आबोहवा का पृथ्वी पर ऐसा असर पड़ा है कि वह किसी भी परिस्थिति व दबाव को झेलने में समर्थ है। श्रीनिवास ने बताया कि खेल अकादमी ने समुद्र तल से ऊंचाई वाले इलाके में शारीरिक प्रशिक्षण लेने की सलाह दी थी।

### स्पिनर राशिद खान ने अहम भूमिका निभाई : सुनील गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने किंग्स इलेवन पंजाब की टीम को 69 रन हराया। इस जीत में स्पिनर राशिद खान ने अहम भूमिका निभाई। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने हैदराबाद के इस लेग स्पिनर की जमकर तारीफ की और यहां तक कहा कि चाहे किसी भी टीम के कप्तान से पूछ लें वो इस गेंदबाज को अपनी टीम में शामिल करना चाहेगा। हैदराबाद और पंजाब के बीच खेले गए मुकाबले में राशिद खान ने कमाल की गेंदबाजी की और तीन विकेट हासिल किए। इस मैच मे उन्होंने हैदराबाद के लिए मुसीबत बन रहे आतिशी बल्लेबाजी करने वाले निकोलस पूरन का विकेट हासिल किया। यह विकेट उन्होंने तब झटका जब टीम को इसकी जरूरत थी। सुनील गावस्कर ने मैच खत्म होने के बाद राशिद की तारीफ करते हुए उनको हर कप्तान की पहला पसंद बताया।

### 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाएंगे स्पेन और पुर्तगाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। स्पेन और पुर्तगाल 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त रूप से बोली लगाएंगे। पुर्तगाल और स्पेन के बीच बुधवार को एक दोस्ताना मैच से पहले, दोनों देशों के फुटबॉल संघों ने इस प्रतियोगिता के साझा मेजबानी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। स्पेन के फुटबॉल संघ (आरएफईएफ) के अध्यक्ष लुइस रूबियलस ने कहा, श्यह समझौता दोनों देशों के फुटबॉल संघों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्व कप आयोजित करने के अवसर की तुलना में कुछ चीजें अधिक रोमांचक हो सकती हैं और हम पुर्तगाल से बेहतर साथी के बारे में नहीं सोच सकते। हम पुर्तगाली संघ से हाथ मिलाते हैं। 2022 फीफा विश्व कप कतर में खेला जाना है, जबकि 2026 विश्व कप की मेजबानी कनाडा, अमेरिका और मेक्सिको द्वारा की जाएगी।

### ओलिंपिक 2021 में विदेशी दर्शकों को देखने की उम्मीद कर रहा हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा है कि समिति यह मानकर चल रही है कि 2021 के तोक्यो ओलिंपिक में अंतरराष्ट्रीय दर्शक भी आएंगे। बाक ने आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की बुधवार को हुई वर्चुअल बैठक के बाद कहा, हम इस आधार पर काम कर रहे हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय दर्शक हों क्योंकि हमें उम्मीद है कि इस महाआयोजन के लिए विदेशों से लोग जापान पहुंचेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि हालांकि अभी तक यह फैसला नहीं हुआ है कि स्टेडियम दर्शकों से पूरा भरा होगा, स्टेडियम की क्षमता के अनुसार दर्शक होंगे या ओलिंपिक के दौरान सामाजिक दूरियों का पालन करते हुए दर्शक होंगे। बाक ने कहा, श्हम यह नहीं जानते हैं कि क्या हम पूर्ण क्षमता के हिसाब से स्टेडियम को भर सकते हैं या अन्य उपायों को लागू करना होगा।